हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 24 अगस्त 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 पानी निकासी की समस्या, जलभराव से त्रस्त...



07 भजनों की गूंज के बीच हुई खाटूश्यामजी की महाआरती...



खबर संक्षेप



भाई-भाई के प्रेम में छिपी है जीवन की सच्ची साधनाः मुनि श्री

सागर। मुनि श्री चन्द्र सागर महाराज ने कहा कि परिवार में भाई का रिश्ता अत्यंत अनमोल है। मां-पिता के बाद भाई-भाई के प्रेम, त्याग और परस्पर सहयोग को समझना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मनुष्य यदि सच्चा इंसान बन जाए तो भगवान बनने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। जीवन में स्वार्थ छोड़कर प्रेम और सेवा को अपनाना ही वास्तविक साधना है।उन्होंने अपने जीवन के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए बताया कि माता-पिता की आज्ञा और संस्कारों का उनके जीवन पर गहरा प्रभाव रहा। गुरु के प्रति श्रद्धा और आत्मानुभूति की चाह ने उन्हें आध्यात्मिक मार्ग पर आगे बढ़ाया।मुनि श्री गरिष्ठ सागर महाराज ने राम और लक्ष्मण के संदर्भ में कहा की मर्यादा पुरुषोत्तम राम की हर आज्ञा का पालन लक्ष्मण ने किया। राम और भरत के आदर्श भाईचारे का उदाहरण देते हुए कहा कि भरत ने राज्य को अपना अधिकार न मानकर राम की चरण पादुकाओं को सिंहासन पर रखकर सेवक के रूप में शासन किया। यह त्याग और भाई के प्रति समर्पण का अनुपम उदाहरण है।विद्याधर (आचार्य श्री विद्यासागर) अनंतनाथ (आचार्य श्री समय सागर) जैसे भाईयों के प्रेम और सेवा का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि सच्चा भाई वही है जो सुख-दुःख में साथ खड़ा रहे। प्रवचन में संदेश दिया गया कि भाई की कीमत धन से नहीं, प्रेम, त्याग, सेवा और संस्कारों से होती है। आज आवश्यकता है कि परिवारों में स्वार्थ नहीं, बल्कि राम- भरत जैसा भाईचारा जीवित रहे। आचार्य विद्यासागर महाराज और आचार्य समय सागर महाराज ने धर्म का झंडा पूरे विश्व के मानस पर फहराया है। आचार्य संघ में सागर के भी दो भाई मुनिराजों के रूप में धर्म की गंगा बहा रहे है। सीहोरा निवासी रवींद्र जैन के ग्रहस्थ अवस्था के 2 पुत्र मुनिश्री श्रमण सागर और मुनि श्री औचित्य सागर महाराज भी हैं।

अचानक बढ़ा नदी का जलस्तर, तीन घंटे तक चला बचाव अभियान

आपचंद गुफा के पास नदी के टापू पर फंसे 9 युवक युवतियां, एसडीआरएफ ने किया सुरक्षित रेस्क्यू

पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा



सागर जिले के गढ़ाकोटा क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल आपचंद गुफा के पास शनिवार की रात को अचानक नदी का जलस्तर बढ़ने से बर्थडे मनाने पहुंचे 9 युवक-युवतियां नदी के बीच बने टापू पर फंस गए। पानी का बहाव तेज होने और अंधेरा बढ़ने के कारण स्थिति गंभीर हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद सभी को सुरक्षित नदी किनारे पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार सागर से युवक-युवतियों का दल आपचंद गुफा क्षेत्र में घूमने और बर्थडे मनाने पहुंचा था। इसी दौरान नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। पानी बढ़ने के कारण दल के सभी सदस्य नदी के बीच स्थित टापू पर घिर गए। तेज बहाव के चलते उनके लिए नदी पार कर वापस लौटना संभव नहीं था।

बोट और रेस्क्यू उपकरणों से अभियान

घटना की सूचना मिलते ही सानौधा पुलिस को दी गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीआरएफ की टीम को भी तत्काल मौके पर बुलाया गया। टीम ने बोट और आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के साथ बचाव अभियान शुरू किया। रात के अंधेरे और नदी के तेज बहाव के बीच टीम ने सावधानीपूर्वक सभी युवक-युवतियों को एक-एक कर टापू से बाहर निकाला।

करीब तीन घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सभी 9 लोगों को सुरक्षित नदी किनारे पहुंचा दिया गया। सभी के सुरक्षित बाहर आने के बाद पुलिस, प्रशासन और परिजनों ने राहत की सांस ली।

मौके पर पहुंचे गोपाल भार्गव

घटना की जानकारी मिलने पर पूर्वमंत्री पं. गोपाल भार्गव भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से घटना की जान कारी ली और चल रहे राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया। रेस्क्यू पूरा होने तक मौके पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौजूद रही।

बारिश में पर्यटन स्थलों पर सावधानी जरूरी

घटना ने एक बार फिर बरसात के दौरान नदी और जलप्रपात वाले पर्यटन स्थलों पर सावधानी बरतने की जरूरत को सामने ला दिया है। बारिश के मौसम में नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने और तेज बहाव आने की स्थिति में पर्यटकों को नदी के बीच बने टापुओं और जलधाराओं के आसपास जाने से बचना चाहिए। समय रहते पुलिस और SDRF की तत्परता से इस मामले में बड़ा हादसा टल गया।




रेंगुवा में राशन दुकान से गेहूं-चावल चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार

खुरई। शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत रेंगुवा गांव में सामुदायिक भवन में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान में चोरी का मामला सामने आया है। दुकान संचालक आकाश दुबे ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि दुकान से 11.5 क्विंटल गेहूं और 2 क्विंटल चावल चोरी हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। जांच में सामने आया कि इस घटना में आशीष अहिरवार, अमित अहिरवार और भूपेंद्र अहिरवार, तीनों निवासी रेंगुवा शामिल हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके पास से कुछ चोरी गया अनाज भी जप्त किया है। तीसरे आरोपी की तलाश जारी है।



24 मरीजों को उपचार के लिए भोपाल रवाना किया

गढ़ाकोटा। सागर जिले के गढाकोटा में प्रति रविवार की भांति निज निवास गणनायक से गढ़ाकोटा क्षेत्र सहित जिला दमोह के विभिन्न ग्रामों के गंभीर बीमारियों से उपचाररत 24 मरीजों एवं उनके 26 परिजन-सहयोगियों सहित कुल 50 लोगों को बस के माध्यम से उपचार के लिए भोपाल रवाना किया गया। भोपाल रवाना होने से पूर्व विधायक गोपाल भार्गव ने मरीजों एवं उनके परिजन-सहयोगियों से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना गया तथा स्वास्थ्य और उपचार संबंधी जानकारी ली। साथ ही मरीजों को हृदय, किडनी, लीवर, ब्रेन एवं पेट संबंधी बीमारियों के उपचार के लिए भोपाल भेजा गया। भोपाल पहुंचने के बाद सभी मरीज एवं उनके परिजन भोपाल निवास पर विश्राम करने के बाद,भोजन एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई है। सोमवार को मरीजों को उनकी आवश्यकता के अनुसार विभिन्न अस्पतालों में उपचार एवं आवश्यक जांच के लिए भेजा जाएगा। इस दौरान सभी मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। ईश्वर से प्रार्थना की गई कि सभी का उपचार सफल हो और वे स्वस्थ होकर जल्द अपने घर-परिवार के बीच लौटें।



आधुनिक तकनीक और नवाचार से बदलेगा वेयर हाउसिंग कारपोरेशन का स्वरूप : संजय नगायच

सागर। मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कारपोरेशन के अध्यक्ष संजय नगायच ने कहा है कि प्रदेश में किसानों की उपज के सुरक्षित भंडारण, खाद्यान्न की गुणवत्ता बनाए रखने तथा गरीबों तक खाद्यान्न समय पर पहुंचाने की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाया जाएगा। इसी उद्देश्य से वे प्रदेश के विभिन्न संभागों में समीक्षा बैठकें कर वेयरहाउसों का निरीक्षण कर रहे हैं और अधिकारियों-कर्मचारियों से सीधे संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ले रहे हैं। नगायच ने चर्चा करते हुए बताया कि उनका मुख्य फोकस दो प्रमुख विषयों पर है। पहला, वेयरहाउसों का नियमित निरीक्षण कर वहां सामने आने वाली कमियों को दूर करना और दूसरा, कारपोरेशन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यप्रणाली, अनुशासन तथा निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना है। पूर्व में पन्ना जिले में भी उन्होंने वेयरहाउसों के निरीक्षण और नियमों के समान रूप से पालन पर जोर दिया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप कारपोरेशन की कार्यप्रणाली में नवाचार और पारदर्शिता को बढ़ावा दिया जा रहा है। गेहूं, चना, धान, मूंग सहित किसानों की विभिन्न उपज का बड़े स्तर पर भंडारण वेयरहाउसिंग कारपोरेशन द्वारा किया जाता है। भंडारित खाद्यान्न का एक बड़ा हिस्सा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचता है। ऐसे में खाद्यान्न की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करना कारपोरेशन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। नगायच ने बताया कि आने वाले समय में वेयरहाउसिंग कारपोरेशन को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

रुद्राभिषेक के साथ हुआ श्रीकृष्णाभिषेक नगर विधायक शैलेन्द्र जैन हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



तिली रोड स्थित बैंक कॉलोनी के पशुपतिनाथ मंदिर में चल रहे पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं अभिषेक पूजन कार्यक्रम में रविवार को एकादशी पर्व पर रुद्राभिषेक के साथ श्री कृष्ण अभिषेक किया गया कार्यक्रम में सागर विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन जी उपस्थित रहे। पं.शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि सुबह 8बजे से 11 बजे तक रुद्री निर्माण किया गया,11.30 बजे से 1.30बजे तक रुद्राभिषेक एवं श्री कृष्णाभिषेक किया गया। सभी भक्तों ने ॐ नमः शिवाय का जाप करते रुद्राभिषेक किया एकादशी व्रत करने वाले श्रद्धालुओं ने ॐ नमो भगवते वासुदेवाय जाप करते हुए भगवान श्रीकृष्ण का अभिषेक पूजन किया पं. कृष्णकांत मिश्रा द्वारा एकादशी व्रत का सामूहिक दीपदान कराया गया। पूजन अभिषेक में उपस्थित हुए नगर विधायक शैलेंद्रकुमार जैन ने कहा भगवान भोलेनाथ आशुतोष कहे जाते है बाबा ओगड़दानी माने जाते है अर्थात तत्काल फल देते है इसलिए ही देव नहीं बल्कि महादेव कहे जाते हैं,सावन में शिवलिंग निर्माण और पूजन अभिषेक का विशेष महत्व होता है ऐसा हम सबने विद्वानों से सुना है और धार्मिक कार्यक्रम अनवरत चलते रहने चहिये ये आंतरिक ऊर्जा प्रदान करते हैं। आगे उन्होंने मंदिर के पीछे और बाएं साइड की रोड शीघ्र बनवाने की बात कही साथ ही अपनी निधि से विस्तृत हुए मंदिर परिसर की राशि शीघ्र देने की बात कही।

रविवार को कार्यक्रम में पार्षद हेमंत यादव, केसी व्यास, अखिलेश शर्मा, एम के चौबे,के पी गांधी,आर पी मिश्रा, राघवेंद्र सिंह राजपूत, अशोक मिश्रा, आशीष शर्मा, राजेंद्र गुप्ता, दीपक चतुर्वेदी, पुष्पेंद्र ठाकुर, देवेंद्र पटेल, विमल दुबे, महेश खरे, रमाकांत सोनी, जयश्री दुबे,सीता व्यास, ममता मिश्रा, अभिलाषा राजपूत, रेखा दुबे, सीमा यादव, रेखा ठाकुर, सीमा शर्मा, मनीषा गांधी, रश्मि शर्मा,रेशू चतुर्वेदी, संतोषी तिवारी, प्रीति पटेल, मीरा गुप्ता, सुहागरानी साहू, उमा श्रीवास्तव, रीना खरे, रजनी यादव, टीना चौबे, कांति विश्वकर्मा, मनीषा तिवारी, किरण भारद्वाज, सुहागरानी पटेल, बंदना पटेल, दीपिका ठाकुर, राधा दुबे, पूजा पाराशर,मांडवी दुबे, बंटी रजक, सुनीता सेन, रतिबाई तिवारी,नीलूसोनी,अर्चना अग्रवाल, रेखा शर्मा, हेमा ठाकुर,दीप्ति श्रीवास्तव, क्रांति मिश्रा, कल्पना पटेल, भगवती रावत, पदमा मेहता, सुनीता यादव शामिल रहे।

सात दिवसीय आपदा मित्र प्रशिक्षण का प्रथम सत्र संपन्न

सागर। मध्यप्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह विभाग, मध्यप्रदेश शासन एवं होमगार्ड मुख्यालय के निर्देशानुसार सागर जिले में आयोजित सात दिवसीय आपदा मित्र प्रशिक्षण का प्रथम सत्र 23 अगस्त को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 150 आपदा मित्र वालेंटियर्स ने 17 से 23 अगस्त 2026 तक उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डिवीजन कमांडेंट सागर श्री बी.पी. वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि भारतीय स्त्री शक्ति मध्यप्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा तिवारी उपस्थित रहीं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट श्री भूपेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में कंपनी कमांडर श्री अनिमेष राजपूत, प्लाटून कमांडर श्रीमती समीक्षा श्रीधर, हवलदार अनुदेशक श्रीमती ममता ठाकुर एवं एसडीईआरएफ टीम द्वारा किया गया। सात दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान आपदा मित्रों को विभिन्न प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के प्रबंधन, राहत एवं बचाव कार्य तथा आपदा मित्र के दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने का सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बाढ़, भूकंप, सर्पदंश प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, इंप्रोवाइज्ड राफ्ट, अग्निशमन उपकरणों का प्रयोग पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

उल्दन बांध परियोजना का लाभ मालथौन क्षेत्र के खेतों और घरों तक इसी साल पहुंचेगा : पूर्वमंत्री भूपेन्द्र सिंह

सागर। मालथौन क्षेत्र में जो काम कांग्रेस के 60 सालों में नहीं हुए वे पिछले 12 साल में हो गए हैं। इस साल से उल्दन बांध परियोजना का लाभ गांवों, खेतों में सिंचाई और हर घर में नल योजना के द्वारा हर परिवार को मिलना शुरू हो जाएगा। यह उद्गार पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने मालथौन विकास खण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुख्यालय देवपुरा में नवीन ग्राम पंचायत भवन सहित 55.68 लाख की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 8.42 लाख के विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में संबोधन करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर अपने संबोधन में पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि मात्र 12 साल में हमने अपने क्षेत्र की जितनी प्रमुख सड़कें थी, वो हमने सारी की सारी प्रमुख सड़कें बना दी। इस क्षेत्र में सिंचाई का कोई साधन नहीं था, 60 साल तक कभी सिंचाई के लिए कोई काम नहीं हुआ। आपने विधायक चुना, हमने एक नहीं हमने तीन सिंचाई योजनाएं मंजूर कराईं। तीन सिंचाई, उल्दन बांध, बीना बांध, हनोता बांध तीन-तीन बांध बनवाए। ये तीनों 2016 में हमने मंजूर कराए थे। जिस उल्दन बांध से आपके गांव में 'घर घर नल योजना' से पीने का शुद्ध जल मिलना है उस उल्दन बांध के गेट बंद हो गए और जल्दी ही आपको 24 घंटे शुद्ध पानी मिलना शुरू हो जाएगा। आज जो टंकी भरी जा रही है यहां वो 75,000 लीटर की टंकी है।देवपुरा, कन्नाखेड़ी, बमोरी लाल इन तीन गांवों को इस टंकी से पानी जाएगा और इसकी 7160 मीटर पाइप की लंबाई है। टंकी की लागत है लगभग 3 करोड़ 55 लाख है। पूर्व गृहमंत्री ने कहा कि पहले जिस गांव में जाओ तो लोग एक ही मांग करते थे कि ये हैंडपंप लगवा दो, कुआं गहरा करवा दो पीने की समस्या है। हमारी बहनें एक एक आधा आधा किलोमीटर से सिर पे रख के पानी लाती थी। अब सबके घर में 24 घंटे नल चलेंगे और नल में ऐसा पानी आएगा मिनरल बाटल जैसा शुद्ध होता है। पानी गंदा होने से बीमारियां होती थीं उनसे भी छुटकारा मिलेगा। उन्होंने कहा कि आपके खेतों में 24 घंटे किसानों के लिए पानी मिलना शुरू हो जाएगा। 24 घंटे पानी मिलेगा और इसमें कन्नाखेड़ी में 182.17 हेक्टेयर में सिंचाई होगी। देवपुरा बिजली की समस्या थी, हमने नया सब स्टेशन बनाया के यहाँ पर। उन्होंने कहा कि इस गांव में तीन से चार नए ट्रांसफार्मर रखवाए हैं। जितनी केपेसिटी के ट्रांसफर की जहां जरूरत थी वहां वैसे ही रखवाए हैं। आदिवासी मोहल्ला में रखवाया गया है ताकि बिजली की व्यवस्था ठीक की जा सके। पूर्व मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने लोकार्पण के पूर्व 37.50 लाख की लागत से निर्मित नवीन पंचायत भवन का अवलोकन किया।कार्यक्रम में जयंत सिंह बुंदेला नगर परिषद अध्यक्ष, बलवीर सिंह राजपूत उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, रामकुमार बघेल, पुष्पेंद्र परिहार, गोविंद सिंह खिरिया, अरविंद लोधी मंडल अध्यक्ष, रावराजा राजपूत, आशीष पटेरिया, श्रीमती सुखवती जाहर सेन सरपंच, वीर सिंह पतिखेड़ा, लल्लू राजा सरपंच कुआंखेड़ा, कोमल यादव बरोदिया, ताहर सिंह, बलराम सिंह, सुल्तान सिंह देवपुरा, दरयाव अहिरवार, भीकम यादव, बबलू आदिवासी, वीर सिंह यादव, चितर सिंह मंडल अध्यक्ष, शिवराज सिंह कन्नाखेडी, गोलू राय, जगदीश सिंह लोधी, मोनूराजा नेगुवा, भरत तिवारी सभी ग्रामों से आए गणमान्य नागरिक, भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



आधे घंटे तक थमा आवागमन, थाना प्रभारी की समझाइश के बाद हटे लोग

पानी निकासी की समस्या, जलभराव से त्रस्त वार्डवासियों ने जतारा रोड पर लगाया जाम





हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

नगर के वार्ड क्रमांक 15 में बारिश के पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से हालात बिगड़ गए। अपना ढाबा के पास स्थित कॉलोनी में बारिश का पानी तालाब की तरह जमा होने से परेशान वार्डवासियों का आक्रोश रविवार को सड़क पर फूट पड़ा। लोगों ने पलेरा-जतारा मार्ग पर बैठकर चक्काजाम कर दिया। करीब आधे घंटे तक चले जाम के कारण मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा। वार्डवासियों का कहना है कि लगातार बारिश के बाद कॉलोनी में पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। कॉलोनी के घरों के सामने पानी से लबालब तालाबनुमा जलभराव हो गया है, जिससे लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। जलभराव के कारण बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी हो रही है, वहीं रोजमर्रा की जरूरत का सामान लेने के लिए भी लोगों को पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक छोटे बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि वार्ड में पानी निकासी की समस्या लंबे समय से बनी हुई है और नगर परिषद से कई बार शिकायत करने के बावजूद स्थायी समाधान नहीं किया गया। बारिश बढ़ने के साथ समस्या गंभीर होती गई और घरों के आसपास जमा पानी ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दीं। वार्डवासी राहुल अहिरवार ने बताया कि पानी निकासी को लेकर नगर परिषद में कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक स्थायी व्यवस्था नहीं की गई। लगातार बारिश के कारण अब हालात इस कदर बिगड़ गए कि लोगों को सड़क पर उतरकर विरोध करना पड़ा।

थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद हटे प्रदर्शनकारी

जलभराव से नाराज वार्डवासियों के चक्काजाम की सूचना मिलते ही पलेरा थाना प्रभारी प्रीति भार्गव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने प्रदर्शन कर रहे लोगों से बातचीत कर उनकी समस्या सुनी और पानी निकासी की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी भार्गव की समझाइश और आश्वासन के बाद वार्डवासियों ने सड़क से हटकर चक्काजाम समाप्त कर दिया। करीब आधे घंटे बाद चक्काजाम समाप्त हुआ और इसके बाद पलेरा-जतारा मार्ग पर यातायात सामान्य हो सका। वार्डवासियों की नगर परिषद से मांग थी कि फिलहाल की निकासी व्यवस्था के साथ-साथ जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान भी कराया जाए, ताकि हर बारिश में लोगों को सड़क पर उतरकर विरोध और चक्काजाम करने की स्थिति का सामना न करना पड़े।

जाम हटते ही थाना प्रभारी ने अपने आश्वासन को दिया मूर्तरूप




थाना प्रभारी प्रीति भार्गव की पहल और आश्वासन का असर चक्काजाम समाप्त होते ही दिखाई भी दिया। वार्डवासियों द्वारा सड़क से चक्काजाम हटाने के तुरंत बाद नगर परिषद द्वारा जेसीबी मशीन बुलबाई गईं और जेसीबी मशीन लगाकर पानी की निकासी का काम शुरू करा दिया गया। नगर परिषद सीएमओ शिवी उपाध्याय के निर्देश पर स्वच्छता प्रभारी अरुण सोनी ने मौके पर पहुंचकर जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद जेसीबी मशीन की मदद से पानी की निकासी के लिए गहरी नाली खोदी गई और बंद पानी की निकासी मार्ग को खोलने का काम तत्काल शुरू कराया गया। ताकि जमा हो रहे पानी की तत्काल निकासी हो सके और आगे बारिश होने पर पानी दोबारा एक जगह जमा न हो। जिससे फिलहाल जलभराव की समस्या से वार्डवासियो को राहत मिल सके। चक्काजाम हटने के बाद तत्काल ही पानी निकासी का काम शुरू होने से वार्डवासियों ने राहत की सांस ली। लोगों ने थाना प्रभारी प्रीति भार्गव द्वारा मौके पर पहुंचकर समझाइश देने और समस्या के समाधान के लिए तत्काल पहल करने पर प्रशासन का आभार जताया।

24 घंटे में 33 मिमी पानी बरसा, वर्षा का आंकड़ा 22.5 इंच के पार

झमाझम बारिश से टीकमगढ़ तरबतर शहर में जलभराव की भी समस्या





हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले में मानसून सक्रिय होने से लगातार बारिश का दौर जारी है। शनिवार से शुरू हुआ बारिश का दौर रविवार को भी जारी रहा। पिछले 24 घंटे में टीकमगढ़ में करीब 33 मिलीमीटर यानी 1.3 इंच बारिश दर्ज की गई। रुक-रुककर हो रही बारिश से जहां मौसम सुहाना और उमस व गर्मी से परेशान लोगों को राहत मिली है तो वही दूसरी ओर जलभराव की समस्या से भी लोगो को जूझना पड़ रहा है। बारिश के इस नए दौर के बाद जिले में अब तक हुई कुल वर्षा का आंकड़ा बढ़कर करीब 22.5 इंच तक पहुंच गया है।

शनिवार से शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कई दौर में बारिश हुई। कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश का सिलसिला चलता रहा। बारिश के कारण सड़कों पर पानी दिखाई दिया और मौसम में ठंडक घुल गई। लंबे समय से बारिश की प्रतीक्षा कर रहे किसानों के लिए भी यह बारिश राहत लेकर आई है। खरीफ फसलों के लिए बारिश को काफी उपयोगी माना जा रहा है। बारिश के नए दौर से जिले के ग्रामीण इलाकों में खेतों में खड़ी खरीफ फसलों को फायदा मिलने की उम्मीद है। पर्याप्त नमी मिलने से सोयाबीन, उड़द, मूंगफली सहित अन्य खरीफ फसलों की बढ़वार बेहतर होने की संभावना है। वहीं बारिश के चलते जलस्त्रोतों के जलस्तर में भी सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होती है तो फसलों के लिए मौसम अनुकूल रहेगा। मौसम विभाग के आगामी पूर्वानुमान के अनुसार बारिश का दौर अभी थमने वाला नहीं है। 24 अगस्त को आसमान में बादल छाए रहने के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं। इस दौरान अधिकतम तापमान करीब 31 डिग्री और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। वहीं 25 अगस्त को जिले में भारी बारिश के संकेत हैं। इस दिन अधिकतम तापमान करीब 28 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। इसके बाद 26 और 27 अगस्त को भी लगातार बारिश के साथ गरज-चमक का दौर जारी रहने का अनुमान है। मानसून के दोबारा सक्रिय होने से जिले के किसानों की उम्मीदें बढ़ गई हैं। लगातार बारिश होने से खेतों में पर्याप्त नमी बनी रहेगी और खरीफ फसलों को इसका लाभ मिलेगा। हालांकि भारी बारिश की स्थिति में निचले इलाकों में जलभराव और ग्रामीण मार्गों पर आवागमन प्रभावित होने की स्थिति भी बन सकती है। ऐसे में आगामी दिनों में होने वाली बारिश पर प्रशासन और आम लोगों की भी नजर रहेगी।

रात से दिखाई दे रहा था सांप, सुबह रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित पकड़ा

फार्म हाउस में निकला जहरीला कोबरा, रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जिले के जतारा क्षेत्र के गौर बंधु फार्म हाउस में रविवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब फार्म हाउस परिसर में एक जहरीला कोबरा सांप दिखाई दिया। फार्म हाउस के ऑनर गोविंद सिंह गौर के अनुसार, रात करीब 10 बजे से परिसर में सांप दिखाई दे रहा था। इसके बाद सुबह उन्होंने इसकी सूचना रेस्क्यू टीम को दी। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और काफी सावधानी के साथ सांप को सुरक्षित पकड़ लिया। बाद में उसे आबादी से दूर जंगल में छोड़ दिया गया।

रेस्क्यू टीम के सदस्यों विष्णु घोष, संग्राम सिंह, प्रदीप घोष और भरत घोष ने बताया कि फार्म हाउस में मिला सांप खतरनाक व जहरीला कोबरा था, जिसे सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू किया गया। टीम की तत्परता से सांप को बिना नुकसान पहुंचाए पकड़कर उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया। रेस्क्यू टीम के मुताबिक कोबरा भारत में पाया जाने वाला अत्यधिक जहरीला सांप है। इसके जहर का प्रभाव तंत्रिका तंत्र पर पड़ता है और इसके काटने की स्थिति में समय पर उपचार मिलना बेहद जरूरी होता है। टीम ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि घर, खेत, फार्म हाउस या अन्य स्थानों पर सांप दिखाई देने पर घबराकर उसे मारने या पकड़ने का प्रयास न करें। टीम ने बताया कि कोबरा सामने आने पर उससे सुरक्षित दूरी बनाए रखना चाहिए। सांप को छेड़ने, उसके करीब जाने अथवा उसे पकड़ने की कोशिश करने के बजाय धीरे-धीरे पीछे हटना चाहिए और तत्काल प्रशिक्षित स्नेक रेस्क्यू टीम को सूचना देनी चाहिए। सांप की गतिविधियों पर नजर रखते हुए सुरक्षित स्थान पर चले जाना ही सबसे बेहतर उपाय है।

सांप के डसने से महिला की हालत गंभीर

इधर जिले के ग्राम लड़वारी निवासी गौरी बाई को सांप ने काट लिया। सांप के डसने के बाद महिला की हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण बेहतर उपचार के लिए उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। बारिश के मौसम के चलते लगातार सामने आ रही सांप के काटने की घटनाओं के बीच विशेषज्ञों की सलाह है कि खेत, घर, बाड़े अथवा फार्म हाउस में सांप दिखाई देने पर लोग खुद उसे पकड़ने या मारने का प्रयास न करें। समय रहते प्रशिक्षित रेस्क्यू टीम को सूचना देना और सांप के काटने की स्थिति में तत्काल अस्पताल पहुंचना ही जान बचाने का सबसे महत्वपूर्ण उपाय है।



वार्ड 18 सुभाषपुरा में सड़क बनेगी

नपाध्यक्ष ने सीसी सड़क, नाला निर्माण कार्यों की पूजन कर लोकार्पण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नगर के विकास को गति देने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा विभिन्न वार्डों में आधारभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने वार्ड नंबर 19 आजादपुरा द्वितीय में सीसी सड़क एवं नाला निर्माण कार्यों का पूजा-अर्चन कर लोकार्पण किया। इसके बाद वार्ड नंबर 18 सुभाषपुरा नझाई बाजार में प्रधान डाकघर के समीप प्रस्तावित सीसी सड़क का भूमि पूजन किया गया।

वार्ड नंबर 19 आजादपुरा द्वितीय में पालिका अध्यक्ष ने तीन सीसी सड़क एवं नाली निर्माण तथा दो नाला निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें मुनमुन के मकान से छन्नों के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण, अंगद के मकान से मिठया के मकान की ओर सीसी सड़क व नाली निर्माण तथा डा.आनंद विश्वास के घर से बृजेश पाठक के घर होते हुए सत्येंद्र प्रताप सिंह राजा के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य शामिल हैं। इसके अलावा सत्येंद्र राजा के घर से शनि मंदिर होते हुए कल्याण सिंह के मकान तक नाला निर्माण तथा आजादपुरा में रामकुमार तिवारी के मकान से होते हुए सुडेलेजी की बीड़ी कारखाने तक नाला निर्माण कार्य का भी लोकार्पण किया गया।

लोकार्पण के दौरान नपाध्यक्ष ने मोहल्लेवासियों से संवाद कर कराए गए विकास कार्यों के संबंध में जानकारी ली। स्थानीय लोगों ने पुष्पमालाओं से पालिका अध्यक्ष का स्वागत एवं सम्मान करते हुए क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाने पर आभार जताया। नागरिकों ने बताया कि लंबे समय से सड़क और जल निकासी की समस्या के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सड़क एवं नाला निर्माण होने से आवागमन सुगम होने के साथ ही बरसात में जलभराव की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। इसके बाद नपाध्यक्ष ने वार्ड नंबर 18 सुभाषपुरा नझाई बाजार में प्रधान डाकघर के बगल वाली सड़क के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। यह सड़क काफी समय से जीर्ण-शीर्ण हालत में थी। बारिश के दौरान सड़क पर जलभराव होने से दुकानदारों और नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। समस्या को देखते हुए पालिका द्वारा सड़क निर्माण कराया जा रहा है।

जामा मस्जिद से दोपहर 2 बजे शुरू होगा जुलूस

26 अगस्त को निकलेगा जुलूस-ए-मोहम्मदी, हजारों लोग होंगे शामिल





हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर 26 अगस्त को टीकमगढ़ शहर में जुलूस-ए-मोहम्मदी बड़ी शान-ओ-शौकत, अदब, अमन और आपसी भाईचारे के साथ निकाला जाएगा। जुलूस को लेकर मुस्लिम समाज में खासा उत्साह है और तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। शहर के विभिन्न मोहल्लों के साथ ही लोगों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों को आकर्षक ढंग से सजाना शुरू कर दिया है।

जुलूस-ए-मोहम्मदी 26 अगस्त को दोपहर 2 बजे जामा मस्जिद से रवाना होगा। सदर हाजी अब्दुल रज्जाक ने बताया कि जुलूस में करीब 5 से 6 हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है। जुलूस में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल होंगे। जामा मस्जिद से रवाना होने के बाद जुलूस लुकमान चौराहा, मजदूर चौराहा, कटरा बाजार, पुराना नगर भवन चौराहा, लक्ष्मी टॉकीज चौराहा, सुभाष बुक चौराहा और स्टेट बैंक तिराहे से होते हुए गांधी चौराहा पहुंचेगा। इसके बाद पुराना बस स्टैंड, जयस्तंभ, मामोन दरवाजा, पुरानी नगर पालिका, लक्कड़ खाना मोहल्ला और सेलसागर चौराहा होते हुए जुलूस वापस जामा मस्जिद पहुंचेगा। जामा मस्जिद पहुंचने के बाद जुलूस का समापन किया जाएगा। जुलूस को लेकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में तैयारियां की जा रही हैं। आयोजकों द्वारा समाज के लोगों से जुलूस में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। साथ ही जुलूस को शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से निकालकर अमन, आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देने का आह्वान किया गया है। जुलूस में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह ने बताया कि जुलूस के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

सुरक्षा व्यवस्था के साथ यातायात और कानून-व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक इंतजाम किए जाएंगे, ताकि जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके और आम लोगों को भी किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर निकलने वाले जुलूस को लेकर मुस्लिम समाज में उत्साह का माहौल है। आयोजकों ने सभी से जुलूस के दौरान अनुशासन बनाए रखने, प्रशासन का सहयोग करने तथा शहर में अमन, शांति, सौहार्द और भाईचारे की मिसाल कायम करने की अपील की है।

प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग

फर्जी व दुर्भावनापूर्ण ट्रैप का आरोप लगाकर लेखपालों ने धरना दिया



ललितपुर। प्रदेश के लेखपालों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण संगठन, एंटी करप्शन एवं विजिलेंस द्वारा की जा रही कथित गलत, अनुचित एवं दुर्भावनापूर्ण ट्रैप कार्रवाई के विरोध में शनिवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तालबेहट शाखा के लेखपालों ने धरना प्रदर्शन किया। तहसील अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह परमार एवं तहसील मंत्री सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन के बाद लेखपालों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अभिजीत सिंह को सौंपा। धरने के दौरान लेखपालों ने कहा कि लेखपाल राजस्व विभाग का जनता से सीधे जुड़ा अग्रिम पंक्ति का कर्मचारी है। वह गांव-गांव जाकर शासन की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के साथ भूमि संबंधी विवादों, पैमाइश, अतिक्रमण तथा अन्य राजस्व कार्यों का दायित्व निभाता है। कई बार भूमि विवाद, पैमाइश अथवा अतिक्रमण जैसे मामलों में नियमों के विपरीत कार्य न करने पर संबंधित व्यक्ति अथवा दलाल द्वारा रंजिश रख जाने की आशंका रहती है।

लेखपाल संघ ने आरोप लगाया कि कई मामलों में शिकायत की वास्तविकता, शिकायतकर्ता की पृष्ठभूमि, उसकी रंजिश एवं शिकायत के उद्देश्य तथा लेखपाल की वास्तविक भूमिका और अधिकार क्षेत्र का पर्याप्त परीक्षण किए बिना ट्रैप कार्रवाई किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इससे लेखपालों में भय, मानसिक दबाव और असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

गांव-गांव पहुंचा समता और सद्भाव का संदेश, श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर किया आत्मीय अभिनंदन

संत रविदास सामाजिक समरसता संकल्प यात्रा का बड़ागांव में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के पावन उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सामाजिक समरसता संकल्प अभियान के तहत निकाली जा रही यात्रा का बड़ागांव धसान में भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। जिले के विभिन्न ग्रामों से होते हुए यात्रा बड़ागांव धसान पहुंची, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं, श्रद्धालुओं और ग्रामीणजनों ने पुष्पवर्षा एवं पुष्पमालाओं से यात्रा का अभिनंदन किया।

भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत के निर्देशन में जिले की विभिन्न पंचायतों में सामाजिक समरसता संकल्प अभियान के तहत रथ यात्रा का स्वागत किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालु कलश के दर्शन एवं पूजन कर यात्रा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त कर रहे हैं। यात्रा के माध्यम से संत रविदास महाराज के समता, सद्भाव, सामाजिक एकता और मानव कल्याण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। सामाजिक समरसता संकल्प अभियान की यात्रा टीकमगढ़ जिले के विभिन्न ग्रामों से होकर बड़ागांव धसान पहुंची। यात्रा के दौरान माडुमर, पठा, गुदनवारा, समर्रा, अजनौर, अमरपुर, अन्तोरा, ढूंढा एवं मिथिला खैरा सहित अनेक स्थानों पर ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ यात्रा का स्वागत किया। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा की और संत रविदास महाराज के जयकारों के साथ यात्रा का अभिनंदन किया। यात्रा के दौरान ग्रामीणजनों और श्रद्धालुओं ने संत रविदास महाराज के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा सामाजिक समरसता, सद्भाव और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

आयोजकों ने कहा कि संत रविदास महाराज की वाणी समाज में समानता, भाईचारे और मानवता की भावना को मजबूत करने की प्रेरणा देती है। संत रविदास महाराज के विचारों का मूल उद्देश्य जाति-पंथ और ऊंच-नीच के भेदभाव से मुक्त ऐसे समाज की स्थापना करना था, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को समान सम्मान और अवसर प्राप्त हो। सामाजिक समरसता संकल्प अभियान के माध्यम से उनके इसी विचार को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने पर जोर दिया जा रहा है। यात्रा के बड़ागांव धसान पहुंचने पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। यहां यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद संत श्री रविदास मंदिर में यात्रा का रात्रि विश्राम हुआ। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने संत रविदास महाराज के चरणों में श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और सामाजिक समरसता, सद्भाव तथा सामाजिक एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया। संत रविदास महाराज 650वीं जयंती वर्ष सामाजिक समरसता संकल्प अभियान के जिला संयोजक एवं भाजपा जिला महामंत्री अश्वनी चढ़ार के नेतृत्व में यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और श्रद्धालु शामिल रहे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुनील रैकवार, मंडल महामंत्री जगजीवन प्रजापति, कपिल नामदेव, महेंद्र अहिरवार, प्रवीण नामदेव, आदित्य परमार, भज्जू लोधी, रामलाल प्रजापति, नारायण वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, श्रद्धालु एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

मृतक के परिजनों ने शव को अस्पताल गेट के सामने रखकर किया हंगामा

अस्पताल में भर्ती आदिवासी मरीज की मौत, इलाज में लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिला अस्पताल श्योपुर में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं पर रविवार को एक बार फिर तब सवाल खडे हो गए है, जब पेट फूलने की शिकायत लेकर भर्ती हुए आदिवासी मरीज की मौत होने के बाद उसके रिश्तेदारों ने अस्पताल के डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए शव को अस्पताल के गेट के बाहर जमीन पर रखकर हंगामा कर दिया। मृतक के रिश्तेदारों ने आरोप लगाया कि अस्पताल के ड्यूटी डॉक्टर और स्टाफ के द्वारा इलाज उपलब्ध कराने में लापरवाही बरती गई है, जिसकारण मरीज की मौत हुई है। यदि रात में ड्यूटी स्टाफ के द्वारा इलाज में लापरवाही नहीं बरती जाती तो इस तरह मरीज की मौत नहीं होती। उधर सिविल सर्जन डॉ एसएन बिंदल ने इलाज में लापरवाही बरतने के आरोप को सरासर गलत बताते हुए मरीज को हर संभव इलाज उपलब्ध कराने की बात कही है।

जानकारी के अनुसार कराहल क्षेत्र के ग्राम रीछी निवासी रामदयाल आदिवासी 48 वर्ष पुत्र लोहरिया आदिवासी शनिवार को अपने रिश्तेदारी में सिरसनवाडी गांव में गया था। जहां रात्रि के दौरान उसकी अचानक तबीयत बिगड गई। रामदयाल आदिवासी के साथ आए उसके रिश्तेदारों ने बताया कि रामदयाल का अचानक पेट फूल गया। शनिवार की रात करीब 2 बजे रामदयाल को लेकर हम जिला अस्पताल श्योपुर में आए और इमरजेंसी कक्ष में मौजूद डॉक्टर को उसे दिखवाया। जहां डॉक्टर ने बोतल लगा दी। हमने ड्यूटी डॉक्टर से कहा कि मरीज का कोई आराम नहीं मिल रहा है। इसके बाद भी ड्यूटी डॉक्टर ने कोई गंभीरता नहीं दिखाई और मरीज को जनरल वार्ड में भर्ती कर दिया। रात्रि के दौरान सही इलाज नहीं मिलने पर रविवार को मरीज रामदयाल आदिवासी की मौत हो गई।



ड्यूटी स्टाफ पर कार्रवाई की मांग उठाई

जिला अस्पताल में रविवार को मरीज रामदयाल आदिवासी की मौत हो गई। इसके बाद उसके शव को जब शव वाहन में रखकर घर ले जाने के लिए स्ट्रेक्चर पर रखकर जिला अस्पताल से बाहर लाया जा रहा था, तभी मृतक के परिजन और रिश्तेदारों ने आईसीयू वार्ड के पास मौजूद अस्पताल गेट के बाहर शव को स्ट्रेक्चर से नीचे उतारकर जमीन पर रख दिया और इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। मृतक के रिश्तेदारो ने इलाज में लापरवाही का आरोप हुए ड्यूटी स्टाफ पर कार्रवाई की मांग उठाई। यह मामला सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर मृतक के रिश्तेदार जो आरोप लगा रहे है, उन्हें सुनकर लोग सोशल मीडिया पर जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर कई तरह के सवाल उठा रहे है।

सिविल सर्जन बोले इलाज में लापरवाही का आरोप गलत

इस मामले में सिविल सर्जन डॉ एसएन बिंदल ने मृतक के रिश्तेदारों के द्वारा लगाए गए इलाज में लापरवाही बरतने के आरोप को सरासर गलत बताया है। उनका कहना है कि जैसे ही मरीज को रात्रि के दौरान जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया,उसे ड्यूटी स्टाफ ने जरूरी इलाज उपलब्ध कराकर वार्ड में भर्ती करा दिया। रविवार की सुबह वार्ड में चैकअप के दौरान उसकी स्थिति गंभीर हुई तो मरीज को आईसीयू वार्ड में ले जाने के लिए मरीज के अटेंडरों को बताया,मगर मरीज के साथ मौजूद अटेंडर मरीज को आईसीयू वार्ड में ले जाने के बजाए जिला अस्पताल के बाहर परिसर में ले गए और उसे लेटा दिया। यदि अटेंडर उसे आईसीयू वार्ड में ले गए होते तो शायद उसकी जान बच जाती। इसके बाद हमने मरीज के शव को शव वाहन के जरिए घर भिजवाए जाने की व्यवस्था की।

इनका कहना है...

मुझे भी रामदयाल आदिवासी की मौत होने की जानकारी मिली है। इस संबंध में परिजनों से चर्चा करके पूरे मामले की जानकारी लूंगा,यदि इलाज में लापरवाही बरतने ही बात सामने आई तो इसकी शिकायत जिला प्रशासन से लेकर स्वास्थ्य मंत्री तक की जाएगी। हमारी भाजपा सरकार गरीबो के स्वास्थ्य के प्रति पूरी तरह गंभीर होकर काम कर रही है,इसलिए इलाज में लापरवाही बरते जाने की स्थिति किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

यश प्रताप सिंह चौहान
युवा भाजपा नेता श्योपुर

गरीब आदिवासी रामदयाल की मौत से श्योपुर जिला अस्पताल के सिस्टम की लापरवाही का परिणाम है। यदि अस्पताल का सिस्टम इलाज के दौरान लापरवाही नहीं बरतता तो शायद रामदयाल को इस तरह अपनी जान गंवानी नहीं पडती। इसके पहले भी कई लोगों की जान अस्पताल के सिस्टम की लापरवाही के कारण चली गई है। कांग्रेस इस तरह की लापरवाही के खिलाफ आवाज उठाएगी।

राममिलन मीणा
ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोंईकलां

पुत्रदा एकादशी पर खाटूश्याम मंदिरों में हुए कई कार्यक्रम,लगी रही श्रद्धालुओं की भीड़

भजनों की गूंज के बीच हुई खाटूश्यामजी की महाआरती, झूला दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



रविवार को पुत्रदा एकादशी के शुभ अवसर पर शहर सहित ग्रामीण अंचल में भक्ति और श्रद्धा का उल्लास देखने को मिला। विशेष रूप से शिवपुरी रोड स्थित गिरवरधारी खाटू श्याम मंदिर तथा कलारना रोड स्थित श्याम हवेली पर दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही।

शहर के कलारना रोड स्थित श्याम हवेली पर पुत्रदा एकादशी के उपलक्ष्य में रविवार को श्रीखाटूश्यामजी की फूलो से भव्य अलोकिक श्रंगार किया गया और विधिवत पूजा अर्चना करते हुए बाबा की पावन ज्योति जलाई गई। इसके बाद दोपहर 12 बजे श्याम बाबा की महाआरती की गई। महाआरती के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। वातावरण शंख, झालर और मंजीरों की मधुर ध्वनि से गूंजता रहा। जयकारों से मंदिर परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। इसके बाद श्री खाटू श्यामजी को मंदिर के बाहर झूला झूलाया गया। झूला दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देर रात तक बनी रही। श्रृंगारित श्याम दरबार के दर्शनों के लिए श्योपुर शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से भी भक्त पहुंचे। इस दौरान श्याम बाबा के दरबार में कई श्रद्धालु पैदल यात्रा लेकर भी पहुंचे।

गाजेबाजे के साथ रवाना हुई पापूजी महाराज की पैदल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।



शहर समेत जिलेभर में इन दिनों सावन मास में धार्मिक पदयात्राओं का दौर जारी है। इसी क्रम में रविवार को श्योपुर से रघुवंशी नायक समाज की ओर से भगवान पापूजी महाराज की आठवीं पैदल यात्रा छुआरी धाम के लिए गाजे-बाजे के साथ रवाना हुई। पदयात्रा शुरू होने से पहले समाजजनों ने टोड़ी गणेश मंदिर पर विधि-विधान से ध्वज पूजन किया। इसके बाद पापूजी महाराज के जयकारों के बीच श्रद्धालु छुआरी धाम के लिए पैदल रवाना हुए। डीजे पर बज रहे भजनों की धुनों पर श्रद्धालु झूमते-गाते हुए आगे बढ़े। शहर में कई स्थानों पर लोगों ने पदयात्रियों पर फूल बरसाकर स्वागत किया। धार्मिक माहौल के बीच निकली पदयात्रा में समाज के लोगों में खासा उत्साह नजर आया। श्योपुर से शुरू हुई पदयात्रा ढोटी और प्रेमसर होते हुए आगे बढ़ी। रास्ते में पड़ने वाले गांवों से भी रघुवंशी नायक समाज के लोग पदयात्रा में शामिल होते गए। शाम को पदयात्रा खातौली पहुंची, जहां श्रद्धालुओं का पहला पड़ाव रहा। यहां पहुंचने तक पदयात्रियों की संख्या डेढ सैकडा के पार पहुंच गई। रघुवंशी नायक समाज के जिलाध्यक्ष राकेश नायक सोठवा ने बताया कि खातौली में रात्रि विश्राम के बाद सोमवार को पदयात्री रामपुरिया होते हुए छुआरी धाम के लिए रवाना होंगे। श्रद्धालु करीब 38 किमी का सफर पैदल तय कर धाम पहुंचेंगे। यहां भगवान पापूजी महाराज के दरबार में समाज की खुशहाली की कामना से ध्वज चढ़ाया जाएगा। ध्वज चढ़ाने के साथ ही आठवीं पदयात्रा का समापन होगा।

निवृर्तमान सीईओ सौम्या आनंद को दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



श्योपुर जिले की निवृर्तमान सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद को राधिका विलास में विदाई समारोह आयोजित कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर शीला दाहिमा, एसीईओ डॉ अजय उपाध्याय, ईई आरईएस रामअवतार अगरैया, जनपद सीईओ एसएस भटनागर, डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल, परियोजना अधिकारी विक्रम जाट, पीएस राजपूत, राजेश शर्मा, सारिका पाटीदार, एसडीओ मधु जाटव, उपयंत्री बृज तोमर, एडीईओ रामबाबू राठौर सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

कलेक्टर शीला दाहिमा ने विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शासकीय सेवा में स्थानांतरण एक सतत प्रक्रिया है, निवर्तमान सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद का कार्य व्यवहार अच्छा है, उन्होने न केवल सीईओ जिला पंचायत के रूप में अपनी भूमिका निभाई, बल्कि अन्य प्रशासनिक कार्यो में भी अपने दायित्वों का निर्वहन बेहतर तरीके से किया। उनके कार्यकाल में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं को गति मिली तथा उनके कार्य की प्रदेश स्तर से भी सराहना हुई। निर्वतमान सीईओ सौम्या आनंद ने कहा कि श्योपुर में सेवाकाल के दौरान सभी का सहयोग प्राप्त हुआ, जिला प्रशासन और जिला पंचायत की टीम द्वारा कार्य में पूर्ण सहयोग दिया गया। उन्होंने कहा कि सीईओ के रूप में उनकी श्योपुर में पहली पोस्टिंग थी, कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में कार्य करने के दौरान उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला। इस दौरान उन्होने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट किया। इसके पूर्व सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा निर्वतमान सीईओ सौम्या आनंद का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला पंचायत, जनपद पंचायतों एवं इंजीनियर्स की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किये गये।

सीएमसीएलडीपी कार्यक्रम से विद्यार्थियों में होगा नेतृत्व क्षमता का विकास:गुड्डी



श्योपुर। योजना एवं सांख्यिकी विभाग मध्यप्रदेश शासन के सहयोग से जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू की कक्षाओं का शासकीय उत्कृष्ट उमावि विद्यालय कराहल में समारोहपूर्वक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सहरिया विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष कैबीनेट मंत्री दर्जा गुड्डी बाई आदिवासी ने कहा कि जन अभियान परिषद द्वारा गांव के युवाओं को अपनी पढाई को आगे बढाने के लिए अनुकरणीय पहल की गई है तथा विद्यार्थियों को बीएसडब्ल्यू एवम् एम एस डब्ल्यू जैसे रोजगारोमुन्खी पाठ्यक्रम से जोडा गया है। सीएमसीएलडीपी कार्यक्रम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक प्राध्यापक गर्ल्स कॉलेज श्योपुर डॉ मनीष कुमार सैनी एवं डॉ संजय सिंह उपस्थित रहे। इसके साथ ही कार्यक्रम में खंड पंचायत अधिकारी कराहल सुरेश चन्द जाटव, जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक नेहा सिंह, ब्लॉक समन्वयक नीतू गौतम उपस्थित रही। कार्यक्रम के शुरूआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण के साथ हुई। इस दौरान विद्यालय परिसर में एक पेड माँ के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा नशा मुक्ति की शपथ ली गई।

मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा का संभागीय अधिवेशन आयोजित

अग्रवाल महासभा संगठन ही नहीं सुव्यवस्था का विचार: मित्तल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर





अग्रवाल महासभा एक संगठन नहीं बल्कि सुव्यवस्था का ऐसा विचार है जो देश की आर्थिक उन्नति में भी अपना योगदान दे रहा है और सामाजिक सरोकारों की पूर्ति भी कर रहा है। यह बात मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा के श्योपुर में आयोजित संभागीय अधिवेशन में प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल ने कही। अधिवेशन में बड़ी संख्या में अग्रवाल महासभा से जुड़े समाज के जनप्रतिनिधि, समाज सेवी एवं प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

अग्रवाल महासभा का एकदिवसीय अधिवेशन पाली रोड स्थित अग्रसेन वाटिका में आयोजित हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने आए प्रदेश अध्यक्ष एवं देश के प्रतिष्ठित व्यवसायी कैलाश मित्तल ने अधिवेशन में आए अग्र बंधुओ को सामाजिक सरोकार के लिए, किए जाने वाले कामों पर बधाई देते हुए कहा कि अग्रवाल समाज देश में सबसे ज्यादा टैक्स देने वाला समाज है। देश में आर्थिक उन्नति में अग्रवाल समाज का सबसे अधिक योगदान रहता है जब भी देश पर विपदा आती है तो अग्रवाल समाज ही होता है जो सबसे पहले अपना योगदान देता है। देश में जब भी मंदी का दौर हो या फिर दूसरी प्राकृतिक समस्या व्यापारी वर्ग ही अधिक पीड़ित होता है इसके बावजूद हम ईमानदारी के साथ राष्ट्र निर्माण में खड़े रहते हैं। इसलिए आप (अग्र बंधु) सच्चे राष्ट्रभक्त हैं। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसा कार्य करें जिससे क्षणिक बदलाव के बजाए दूरगामी योजनाएं बनाए इस मामले मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा तन मन धन से आपके साथ है। इस दौरान अग्रवाल महासभा की ओर से उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवा युवाओं समाजसेवियों को पुरस्कार वितरण किए गए और अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए।

पहली नहीं है श्योपुर जेल में लापरवाही, पूर्व में भी हो चुकी है घटनाएं

दिनदहाडे श्योपुर जेल की २२ फीट ऊंची दीवार फांदकर भागा कैदी दूसरे दिन भी बेसुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शनिवार को दिन के उजाले में श्योपुर जिला जेल की 22 फीट ऊंची दीवार को ओढ़ने वाली चादरों को जोड़कर कैदी के फरार हो जाने की घटना से जहां जेल में प्रबंधन व्यवस्थाओं की पोल खुल गई है वहीं इस मामले में सरकार की नाकामी में भी इसलिए मानी जा रही है क्योंकि श्योपुर जेल में यह कोई पहला मामला नहीं है जब इस तरह की लापरवाही हुई है। इससे पहले भी ऐसी लापरवाही सामने आ चुकी हैं जिसमें कैदी के फरार होने और आत्महत्या कर लेने जैसे मामले शामिल हैं। वही दो दिन बीतने के बाद भी कैदी का अता-पता नहीं लगना भी पुलिस प्रशासन की नाकामी को उजागर कर रहा है।

बता दें कि शनिवार को श्योपुर जिला जेल में चादर को रस्सी बनाकर 22 फीट उंची दीवार को कैदी धर्मेंद्र पुत्र सुरेंद्र कुशवाह उस समय फांदकर फरार हो गया था जब जेल में ऑनलाइन गीता पाठ की ट्रेनिंग चल रही थी। जिस समय कैदी दीवार फांदकर फरार हुआ उसे समय दोपहर करीब पौने एक बजे का समय बताया जा रहा है। दिन के उजाले में कैदी जेल की दीवार चढ़कर फरार हो गया और किसी ने नहीं देखा और बाद में पुलिस प्रशासन भी दो दिन बीतने के बाद भी कैदी को ढूंढने में नाकाम रहा यह बात सिर्फ जेल प्रबंधन के लिए ही नहीं पूरे बल्कि पूरे पुलिस महकमें के लिए शर्म की बात है कि 2 दिन बाद भी पुलिस जेल से फरार हुए कैदी का पता नहीं लगा सकी है उधर पुराने रिकॉर्ड खंगालने पर पता चलता है कि जेल प्रबंधन के लिए यह कोई पहली लापरवाही नहीं है, इससे पहले भी कैदी जेल ब्रेक कर फरार हो चुके हैं और आत्महत्या जैसे घटनाओ को जेल के भीतर अंजाम दे चुके हैं।

जेल से भागे कैदी पर एफआईआर दर्ज

श्योपुर जेल से फरार हुए कैदी का दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं है। इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने जेल से फरार हुए कैदी धर्मेन्द्र कुशवाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। कोतवाली पुलिस ने यह कार्रवाई जेल के प्रहरी ज्ञान सिंह रावत की रिपोर्ट पर दर्ज की है। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद कोतवाली पुलिस ने फरार कैदी की तलाश शुरू कर दी है।

पूर्व में हुई घटनाएं

केस-1

17 अक्टूबर 2020 को आर्म्स एक्ट आरोपित बंदी सोनू माली को कोरोना जांच करवाने के बाद अस्थाई जेल की ऊपरी मंजिल पर रखा गया था। इसी दौरान वह रात 9 बजे के करीब खिड़की तोड़कर भाग गया। पुलिस ने पता चलने पर आरोपित के घर पर दबिश दी, लेकिन वह नहीं मिल सका। सोनू भागकर अपनी मौसी के घर पहुंचा था। मौसी ने उसे समझाया, और वापस पुलिस के पास जाने को कहा। शुक्रवार को रास्ते में उसके रिश्तेदार उसे जेल लेकर जाते हुए मिले जहां से पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।एक दिन बाद ही घटना सामने आई की सोनू माली ने जेल के बैरक में पंखे से लटककर फांसी लगा ली।

केस-2

11 सितंबर 2021 को आबकारी एक्ट के मामले में बंद एक विचाराधीन कैदी ने खुजली की दवा गटक कर आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी मिलने के बाद जेल प्रबंधन में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में कैदी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसे इलाज के बाद बचाया जा सका। कैदी पांडोला निवासी नरोत्तम पुत्र गौरीशंकर माली था जो कुछ महीने कोर्ट में तारिक पर न आने के चलते मजिस्ट्रेट ने वारंट जारी किया था, जिसे लेकर 20 अगस्त 2021 को आरोपी नरोत्तम माली को जेल भेजा गया था। नरोत्तम ने मौका देख जेल में खुजली की दवा लगाने के बाद गटक ली। जिससे नरोत्तम की हालत बिगड़ गई।

इनका कहना है...

जेल की दीवार फांदकर भागे कैदी का फिलहाल कोई अता पता नहीं है। लेकिन उसके खिलाफ जेल प्रहरी की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर कैदी की तलाश शुरू कर दी गई है।

सत्यम सिंह गुर्जर
टीआई कोतवाली श्योपुर

श्योपुर में बाइक रैली निकालकर किया संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ



श्योपुर। संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार, संरक्षण एवं संवर्धन तथा युवाओं और विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों से जोड़ने के उद्देश्य से महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान, भोपाल एवं संस्कृत भारती श्योपुर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को श्योपुर में बाइक रैली का आयोजन किया गया। बाइक रैली का शुभारंभ प्रातः 9 बजे शासकीय महाविद्यालय श्योपुर से किया गया। रैली में बड़ी संख्या में संस्कृत शिक्षक, संस्कृत विद्यार्थी, युवा एवं संस्कृत प्रेमी बाइक लेकर शामिल हुए। रैली के दौरान पूरे उत्साह के साथ "जयतु भारतम, जयतु संस्कृतम" का संदेश दिया गया। बाइक रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होकर निकली, जिससे वातावरण संस्कृतमय नजर आया।रैली में शामिल प्रतिभागियों का उद्देश्य केवल एक कार्यक्रम में भाग लेना नहीं, बल्कि समाज के बीच संस्कृत भाषा के महत्व को पहुंचाना और आमजन को संस्कृत से जोड़ना था। रैली के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि संस्कृत भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा, साहित्य, दर्शन, संस्कृति और संस्कारों की महत्वपूर्ण आधारशिला है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि संस्कृत भाषा भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। संस्कृत में देश की प्राचीन ज्ञान परंपरा, साहित्य, वेद, उपनिषद, दर्शन एवं अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथों की समृद्ध परंपरा मौजूद है। वर्तमान समय में आवश्यकता है कि नई पीढ़ी को संस्कृत भाषा से जोड़ा जाए और विद्यार्थियों में इसके प्रति रुचि एवं सम्मान पैदा किया जाए। बताया गया है कि संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत 25 अगस्त से 31 अगस्त 2026 तक जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें श्लोक गायन, गीत गायन, काव्य मंचन, भाषण, संस्कृत भाषा से संबंधित प्रतियोगिताएं तथा विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियां शामिल रहेंगी।

खबर संक्षेप

नगर गौरव दिवस पर कार्यक्रम आज, कविता देंगी प्रस्तुति

बीना। नगर पालिका के द्वारा आज नगर गौरव दिवस मनाया जाएगा। नगर पालिका के सामने होने वाले इस आयोजन में प्रसिद्ध लोक गायिका कविता शर्मा अपनी लोक गीतों की प्रस्तुतियां देंगी। कार्यक्रम को लेकर शहरवासियों में उत्साह दिख रहा है। क्योंकि कविता शर्मा अपने अलग अंदाज में आगढ़ बम-बागढ़ बम, दोना काए ना लाए जैसे लोकगीत प्रस्तुत करेंगी। वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम को लेकर नपा की ओर से सारी तैयारियां कर ली गई हैं। बारिश के मौसम को देखते हुए आयोजन के लिए वॉटरप्रूफ टेंट लगाया गया है।

जनविश्वास अभियान की रैंकिंग में अशोकनगर को प्रथम रैंक प्राप्त

अशोकनगर। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान अंतर्गत जिले में तीन विकासखंडों मुंगावली, चंदेरी व अशोकनगर में शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में लोक सेवा गांरटी अधिनियम अंतर्गत प्रदेश में जिले को प्रथम रैंक प्राप्त हुई। इसी प्रकार सीएम हेल्पलाइन में मुंगावली में 5वीं रैंक, चंदेरी में 4वीं रैंक तथा अशोकनगर को 2वीं रैंक प्राप्त हुई है।

जुए के अड्डों पर छापामार कार्रवाई की

अशोकनगर। जिले में कई स्थानों पर पुलिस ने जुए के अड्डों पर छापामार कार्रवाई की है। शाढ़ौरा पुलिस ने ग्राम झीला की मरघट शाला के पास ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए अर्जुन साहू, हरिओम रघुवंशी, गौरव पाल, राजेन्द्र उर्फ पटवारी,हरीसिंह रघुवंशी, धर्मेश साहू, भोलू कुशवाह, देवेन्द्र रघुवंशी को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से पुलिस ने 4300 रूपए नगद और ताश की गड्डी बरामद की है। कोतवाली पुलिस ने पुरानी गल्ला मंडी में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए, शमशामद खान, सुलेमान, नियत खान को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से पुलिस ने ताश की गड्डी और 520 रूपए बरामद किए हैं। इसी प्रकार कोतवाली पुलिस ने ही पुरानी गल्ला मंडी में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए राजू, देवीसिंह और सानू खान को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से पुलिस ने ताश की गड्डी और 870 रूपए बरामद किए हैं।

जहरीले कीड़े के काटने से युवक की मौत

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत फुटेरा पछार निवासी भरोसा पिता घसीटा उम्र 46 साल को किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया था, जिसके बाद उसे परिवार जन अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास

अशोकनगर। विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) जिला अशोकनगर द्वारा दिनांक 09/07/2026 को निर्णय पारित करते हुए 12 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ व छीना झपटी का प्रयास करने वाले आरोपी तिलकसिंह पुत्र वीरसिंह यादव उम्र 28 साल निवासी जसैया थाना बहादुरपुर अशोकनगर को 3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 4000 रूपये के अर्थदंड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से अभियोजन संचालन जिला अभियोजन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव के निर्देशन में विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) यशपाल सिंह यादव द्वारा किया गया। अभियोजन के अनुसार 12 वर्षीय फरियादिया ने अपनी मां के साथ थाना आकर रिपोर्ट किया कि वह कक्षा 8वीं में पढ़ती है। घटना दिनांक 14/02/2025 के करीबन दोपहर 3 बजे की बात है यह व उसकी बहन जंगल में अपनी बकरियां चरा रहे थे तभी वहां तिलक यादव आया और उसने गंदी नियत से उसका हाथ पकड़ लिया। जब उसने मना किया तो आरोपी ने उसके कपड़े फाड़ दिये। उसने मुश्किल से खुद को बचाया। छीना झपटी में उसके गर्दन में दाहिने तरफ थोडी चोट व खरोंच आयी। उसकी बहन भाग कर ताऊजी को बुलाकर लाई जो बगल के खेत में पानी दे रहे थे। फरियादिया की रिपोर्ट पर से न्यायालय द्वारा यह सजा सुनाई गई है।

दादी प्रकाशमणि की 19वीं पुण्य स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर

विश्व बंधुत्व दिवस पर 27 रक्तवीरों ने किया रक्तदान





हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के ज्ञान शिखर सेवा केंद्र पर रविवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 19वीं पुण्य स्मृति दिवस (विश्व बंधुत्व दिवस) के उपलक्ष्य में आयोजित रक्तदान शिविर में 27 रक्तवीरों ने रक्तदान कर विश्व बंधुत्व का संदेश दिया। बता दें कि ब्रह्माकुमारीज़ के समाजसेवा प्रभाग द्वारा भारत सहित नेपाल में 21 अगस्त से 25 अगस्त तक पांच दिवसीय विशाल रक्तदान महाअभियान चलाया जा रहा है। इस महाअभियान में एक लाख यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। संस्थान के देशभर में स्थित छह हजार से अधिक सेवा केंद्रों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर के शुभारंभ पर विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा समाजहित में बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है। रक्तदान करना बहुत ही पुण्य का कार्य है। संस्था सामाजिक कल्याण के लिए नशामुक्ति से लेकर अपने सेवा प्रकल्पों के माध्यम से समाज परिवर्तन में जुटी है। बीएमओ डॉक्टर संजीव अग्रवाल ने कहा कि एक रक्तदान से तीन लोगों की जान बचती है। आपका रक्तदान मानवहित में सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। रक्त की एक बूंद किसी के लिए उम्मीद, किसी परिवार के लिए खुशी और किसी जीवन के लिए संजीवनी बन सकती है। रक्तदान करने से शरीर में रक्त की कमी नहीं होती, बल्कि किसी जरूरतमंद के जीवन में उम्मीद बढ़ती है। रक्तदान शिविर में सागर और खुरई ब्लड बैंक की टीमों का सराहनीय सहयोग रहा।

डॉक्टर ज्योति नामदेव ने कहा कि रक्तदान को केवल सेवा नहीं, बल्कि मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी बनाएं। डॉक्टर शेखर श्रीवास्तव ने कहा कि न कोई जाति, न कोई धर्म, न कोई पहचान- रक्तदान मानवता को मानवता से जोड़ने वाली सेवा है। वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके जानकी दीदी ने कहा कि हम रक्तदान को केवल एक अभियान न बनाएं, बल्कि इसे अपने जीवन के सेवा संकल्प का हिस्सा बनाएं। जब भी स्वास्थ्य और परिस्थितियां अनुमति दें, रक्तदान के लिए आगे आएं और दूसरों को भी प्रेरित करें। रक्तदान करते समय संकल्प करें कि परमात्मा, इस सेवा के माध्यम से किसी जरूरतमंद आत्मा के जीवन में आशा और शक्ति पहुंचे।

ऐसा श्रेष्ठ संकल्प हमारी सेवा को और भी पवित्र बना देता है। इस मौके पर प्रीति जैन, मोहिनी सोनी, कपिल, विवेक सिंह राजपूत, बीके सरस्वती दीदी, बीके मधु दीदी, बीके रिया दीदी सहित अन्य भाई-बहनें मौजूद रहे।

बीना से उदयपुर तक निकाली डाक कावड़ यात्रा, 60 किमी की दूरी 3 घंटे में हुई पूरी

मां मोतीचूर नदी के जल से नीलकंठेश्वर महादेव का किया अभिषेक





हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

सनातन सेवा संघ के तत्वाधान में शनिवार को भव्य डाक कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। भव्य डाक कावड़ यात्रा मां मोतीचूर नदी से जल भरकर सुबह 7:30 बजे प्रारंभ हुई। जो सुबह 10:30 बजे उदयपुर स्थित नीलकंठेश्वर महादेव पहुंची। जहां पर युवाओं के द्वारा भगवान महादेव का जलाभिषेक किया गया। आयोजक मंडल अध्यक्ष शुभम नामदेव ने बताया 22 अगस्त को सनातन सेवा संघ बीना के तत्वाधान में भव्य डाक कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। जो मां मोतीचूर नदी बड़ा मंदिर बीना से जल भरकर मात्र 3 घंटे में दौड़कर उदयपुर स्थित बाबा नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पहुंच कर जल समर्पित किया गया। डाक कावड़ यात्रा बीना से प्रारंभ होकर लायरा, कुरवाई, मंडी बामोरा होते हुए उदयपुर पहुंची। शुभम ने बताया मां मोतीचूर नदी से उदयपुर तक की करीब 60 किलोमीटर की दूरी डाक कावड़ यात्रा ने 3 घंटे में पूरी की। जिसमें सनातन सेवा संघ के सभी सदस्यों की निष्ठापूर्ण सहभागिता रही। डाक कावड़ यात्रा में आयोजक मंडल अध्यक्ष शुभम नामदेव भाऊ, संरक्षक हर्ष सोनी, व्यवस्थापक अमित सेन अक्की, संस्थापक सदस्य ऋतुराज सोनी, हेमंत कुशवाहा, यशवंत,सत्यम नामदेव, युवराज अहिरवार, देवेंद्र कुशवाहा, दीपक, कार्तिक सोनी, विकास यादव, लकी, दीपू, देव, रोहित, हनी, शुभ, अमन, प्रमोद, प्रहलाद, शिवांक, मयंक, क्रिश, कार्तिक, अमन, अमित लोकेश एवं बीना के अन्य सनातनी युवा शामिल हुए।



रक्षाबंधन पर स्पेशल ट्रेनों का होगा संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

रेल प्रशासन द्वारा रक्षाबंधन के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से भोपाल-रीवा-भोपाल के लिए तीन जोड़ी स्पेशल एवं एक वन वे स्पेशल ट्रेनों को चलाने का निर्णय लिया गया है। भोपाल मंडल जनसंपर्क अधिकारी के अनुसार ट्रेन नंबर 02155 भोपाल-रीवा स्पेशल ट्रेन का संचालन मंगलवार 25 अगस्त को भोपाल स्टेशन से रात 10:25 बजे प्रस्थान कर रास्ते में विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, मैहर एवं सतना आगमन करते हुए दूसरे दिन रीवा स्टेशन सुबह 7:20 बजे पहुंचेगी।

इसी तरह ट्रेन नंबर 02156 रीवा-भोपाल स्पेशल ट्रेन का संचालन बुधवार 26 अगस्त को रीवा स्टेशन से शाम 6:35 बजे प्रस्थान कर रास्ते में सतना, मैहर, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना एवं विदिशा आगमन करते हुए और दूसरे दिन भोपाल स्टेशन सुबह 4:30 बजे पहुंचेगी। ये दोनों ट्रेन 1-1 ट्रिप चलेगी।

भोपाल-रीवा-भोपाल सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन (3 सेवाएं): ट्रेन नंबर 02189 भोपाल-रीवा स्पेशल ट्रेन का संचालन बुधवार एवं गुरुवार 26 एवं 27 अगस्त को भोपाल स्टेशन से रात 10:25 बजे प्रस्थान कर रास्ते में विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, मैहर एवं सतना आगमन करते हुए और दूसरे दिन रीवा स्टेशन सुबह 7:20 बजे पहुंचेगी, ये ट्रेन 2 ट्रिप चलेगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 02190 रीवा-भोपाल स्पेशल ट्रेन का संचालन गुरुवार 27 अगस्त को रीवा स्टेशन से दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान कर रास्ते में सतना, मैहर, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना एवं विदिशा आगमन करते हुए और उसी दिन भोपाल स्टेशन रात 9 बजे पहुंचेगी। ये ट्रेन 1 ट्रिप चलेगी।

रीवा-भोपाल सुपरफास्ट वनवे स्पेशल ट्रेन (1 सेवाएं): ट्रेन नंबर 02154 रीवा-भोपाल स्पेशल ट्रेन का संचालन शनिवार 29 अगस्त को रीवा स्टेशन से शाम 6:35 बजे प्रस्थान कर रास्ते में सतना, मैहर, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना एवं विदिशा आगमन करते हुए और दूसरे दिन भोपाल स्टेशन सुबह 4:30 बजे पहुंचेगी। ये ट्रेन 1 ट्रिप चलेगी।

रीवा-भोपाल-रीवा सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन (2 सेवाएं): ट्रेन नंबर 02180 रीवा-भोपाल स्पेशल ट्रेन का संचालन रविवार 30 अगस्त को रीवा स्टेशन से शाम 6:35 बजे प्रस्थान कर रास्ते में सतना, मैहर, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना एवं विदिशा आगमन करते हुए और दूसरे दिन भोपाल स्टेशन सुबह 4:30 बजे पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 02179 भोपाल-रीवा स्पेशल ट्रेन का संचालन सोमवार 31 अगस्त को भोपाल स्टेशन से रात 10:25 बजे प्रस्थान कर रास्ते में विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, मैहर एवं सतना आगमन करते हुए और दूसरे दिन रीवा स्टेशन सुबह 07:20 बजे पहुंचेगी। ये दोनों ट्रेन 1-1 ट्रिप चलेगी। सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि रक्षाबंधन पर यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्रीभार को कम करने के उद्देश्य से भोपाल-रीवा के मध्य स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। यात्री इस सुविधा का लाभ लेते हुए स्पेशल ट्रेनों के ठहराव की विस्तृत जानकारी रेलवे स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा एनटीईएस या रेलवन एप ऑनलाइन माध्यम वेबसाइट से प्राप्त कर सकते है।

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत कक्षाओं का शुभारंभ

जो भी कार्य हम अपने हाथ में लें उसे पूरी निष्ठा से करें: केके जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक बीना में शासकीय कन्या हायर सेकेंड्री स्कूल में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत एमएसडब्लू/बीएसडब्लू कक्षाओं का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि स्वागत उपरांत छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए संस्था के वरिष्ठ प्राध्यापक केके जैन ने कहा कि जो भी कार्य हम अपने हाथ में लें उसे पूरी निष्ठा से करें। स्नातक और स्नातकोत्तर की डिग्री आपके भविष्य में काम आएगी। आप समाज कल्याण के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करेंगे। वरिष्ठ समाजसेवी सत्यजीत सिंह ने कहा कि आज समाज, देश और विश्व में जो साधन हैं वे पूर्व में नहीं थे। आगे और उन्नत साधन, तकनीक आएगी हम सभी को समय के साथ अपने आप को बदलना होगा। समाज को उन्नत बनाने के लिए समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करना होगा।



वरिष्ठ समाजसेवी नंदराम कुशवाह ने कहा कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं चित्रकूट ग्रामोदय विश्व विद्यालय द्वारा संचालित कोर्स आपको समाज सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ाएगा। ब्लॉक समन्वयक नीरज शर्मा ने कोर्स एवं जन अभियान परिषद का विस्तार से परिचय दिया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था से जगदीश प्रसाद कुशवाहा, देवेंद्र राय, धर्मेंद्र सिंह, नगर विकास प्रस्फुटन समिति से किशोर यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष सहयोग परामर्शदाता प्रशांत गोलंदाज, प्रमोद चढ़ार, नरेश तिवारी, निखिलेश, दीपक का रहा।

---

17 वर्षीय नाबालिग बालिका को अशोकनगर से किया दस्तयाब, आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि. नीलम सिंह यादव द्वारा नाबालिग बालिका के गुम होने के प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए 17 वर्षीय बालिका को अशोकनगर से दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

उल्लेखनीय है कि 16 अगस्त को फरियादी ने थाना बहादुरपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने की आशंका है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बहादुरपुर में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए नाबालिग बालिका की शीघ्र दस्तयाबी एवं प्रकरण में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि नीलम सिंह यादव को निर्देशित किया गया। एसडीओपी मुंगावली सनम बी. खान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बहादुरपुर द्वारा पुलिस टीम गठित कर नाबालिग बालिका की तलाश प्रारंभ की गई। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए बालिका को अशोकनगर से दस्तयाब किया। दस्तयाबी उपरांत बालिका के कथन कराए गए।

अशोकनगर में आयोजित कार्यक्रम का प्रभारी मंत्री शुक्ला ने किया शुभारंभ



अशोकनगर। यह आयोजन व्यापार, रोजगार एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति देने के साथ-साथ नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के विविध विकल्प उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी, अशोकनगर पूर्व विधायक जजपाल सिंह, मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन सहित पदाधिकारी व आमजन उपस्थित रहे।

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा अरिहंत महिला परिषद ने मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा अरिहंत महिला परिषद, राजुल संभाग (द्वितीय शाखा), अशोकनगर द्वारा भगवान श्री पार्श्वनाथ जी के मोक्ष कल्याणक के पावन अवसर पर मोक्ष सप्तमी पर्व श्रद्धा, भक्ति, आस्था एवं धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर परिषद की बहनों ने गंज मंदिर जी में प्रातः काल सामूहिक रूप से एकत्रित होकर विधि-विधान एवं भक्ति भावपूर्वक पूजन-अर्चना एवं भगवान पार्श्वनाथ की आराधना की। मंदिर परिसर का वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा। सभी बहनों ने भगवान की वीतराग मुद्रा के समक्ष अपनी श्रद्धा अर्पित करते हुए आत्मकल्याण एवं मोक्षमार्ग पर आगे बढ़ने की भावना भायी। पूजन के पश्चात भगवान पार्श्वनाथ के चरणों में निर्वाण कांड का श्रद्धापूर्वक वाचन किया गया। इस पावन क्षण में उपस्थित सभी बहनों ने अत्यंत भक्ति एवं भाव-विभोर होकर भगवान श्री पार्श्वनाथ जी के मोक्ष कल्याणक की अनुमोदना की।भगवान श्री पार्श्वनाथ जी का जीवन अहिंसा, करुणा, क्षमा, संयम, त्याग एवं समता का अनुपम संदेश देता है। उन्होंने अपने जीवन में अनेक प्रकार के उपसर्ग को अत्यंत समभावपूर्वक सहन किया और आत्मसाधना के पथ पर आगे बढ़ते हुए परम मोक्ष पद को प्राप्त किया।

जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

'जिले के विकास के लिए सदस्यों के सुझाव होंगे महत्वपूर्ण'

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया गया है। इस समिति के सदस्यों द्वारा प्राप्त सुझावों पर जिले के विकास को नई गति प्रदान की जाएगी। साथ ही जिले के संपूर्ण विकास की अवधारणा को साकार रूप दिया जा सकेगा। इस आशय के विचार जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में व्यक्त किए।

बैठक में जिले के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिले के विकास को हर क्षेत्र में आगे बढाने के लिये जनप्रतिनिधियों, समिति के सदस्यों तथा अधिकारियों के समन्वित प्रयासों से विकास कार्यो को मूर्त रूप दिया जा सकेगा। सदस्यों द्वारा जो सुझाव चर्चा के दौरान प्राप्त होगें वह मुख्यमंत्री तक जायेगें। जिस पर शासन द्वारा सभी आवश्यक सुझावों पर निर्णय लिया



जाएगा। बैठक में जिले में चल रहे विकास कार्यों,शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा आमजन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी रूप से पहुंचाना सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि जिले के समग्र विकास के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों एवं जनहित से जुड़े विषयों पर प्राथमिकता से कार्यवाही की जाए। बैठक में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा पावर प्रेजटेंशन के माध्यम से जिला विकास तथा मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत 03 विकासखण्डों में लगाये गए शिविरों की प्रगति के बारे में जानकारी दी।

शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ का हुआ नामकरण

समिति की बैठक में शासकीय महाविद्यालय ईसागढ का नाम स्व. राजकुमार सिंह यादव के नाम पर किये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से पारित किया गया । नगर परिषद ईसागढ़ गौशाला होगी आदर्श गौशाला। बैठक में नगर परिषद ईसागढ़ के अध्यक्ष ने बताया कि नगर परिषद ईसागढ में गौशाला से संचालन जनभागीदारी समिति से किया जा रहा है। गौशाला के विधिवत संचालन से सड़कों पर गौवंश का विचरण नही हो रहा है। इस कार्य की सभी सदस्यों द्वारा सराहना की गई तथा प्रभारी मंत्री ने ईसागढ़ गौशाला को आदर्श मानते हुए सभी जगह इस तरह गौशालाओं का संचालन किये जाने की बात कही।

बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जलजीवन मिशन के कार्यो की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिये गए। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत स्तर तक ग्रामीणों को नल से जल उपलब्ध कराने हेतु सभी आवश्यक कार्य समय सीमा में पूर्ण कराये जाए। मत्स्य विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि वर्ष 2025-26 में दिये गए अनुदान राशि की जांच हेतु जनप्रतिनिधियों को शामिल करते हुए जांच कमेठी बनाई जाएं। समिति द्वारा जांच रूपोर्ट प्रस्तुत की जाएं। बैठक में खाद वितरण की स्थिति,डबललॉक केन्द्रों के नवीन प्रस्तावों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गए।

विखं शिक्षा अधिकारी ने नारायणपुर हायर सेकंडरी स्कूल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

विकासखंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर सिसोदिया द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रत्येक कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं से पुस्तक वितरण, साइकिल वितरण एवं अध्यापकों के शैक्षणिक गुणवत्ता की जानकारी ली। विद्यालय में होने वाली प्रतिदिन की गतिविधियों की जानकारी ली, आईसीटी लब प्रयोगशाला कक्ष, स्मार्ट क्लास, व्यावसायिक शिक्षा लैब, शौचालय स्थिति, टॉयलेट, छात्र-छात्राओं के पानी पीने हेतु व्यवस्थाओं की जानकारी ली, शिक्षकों से दैनिक डायरी, शिक्षकों की उपस्थिति पंजी, अवकाश संधारण ,नामांकन, यू डाइस, अपार आईडी की जानकारी ली गई।

इस दौरान प्राचार्य भोलाराम शर्मा द्वारा विद्यालय परिसर में एक हैंडपंप लाइट न होने की स्थिति के लिए छात्र-छात्राओं को पानी पीने की व्यवस्था हेतु तथा विद्यालय में



साइकिल स्टैंड, अतिरिक्त कक्षाओं के निर्माण, प्रयोगशाला कक्षाओं के निर्माण, विद्यालय की छात्र-छात्राओं को खेल परिसर में बास्केटबॉल ग्राउंड, वॉलीबॉल ग्राउंड, दो कक्षों का फर्श कराई जाने की आवश्यकता की स्थिति से अवगत कराया, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिसोदिया द्वारा विद्यालय व्यवस्था की सराहना करते हुए कहां गया कि मैं अपनी रिपोर्ट से जिला शिक्षा अधिकारी को अवगत कराऊंगा ताकि विद्यालय व्यवस्थाएं कराई जा सके।